समझता हूं कि आपको मन्दिर के लिए बड़ा प्रेम है तो क्या मन्दिर का पुजारी आप किसी मौलवी को रख दीजिएगा ? यह कहिएगा कि कमिटेड मैन को नहीं रखेंगे ? या मस्जिद में किसी पंडित जी को, किसी पंडा को रख दीजिएगा ? पब्लिक सैक्टर में जिनका विश्वास ही नहीं है, राजकीय क्षेत्र में जिनका विश्वास ही नहीं है ऐसे लोग उसमें भरे हैं। राजकीय क्षेत्र के ऐसे बहुत से अफसर हैं जो खुलेआम क्लबों मे बैठते हैं और पब्लिक सैक्टर का मजाक उड़ाते हैं और मालूम पड़ता है कि इसके मामले में यह व्यवस्था तटस्थ है। पब्लिक सैक्टर के अन्दर जिनका विश्वास है और पब्लिक सैक्टर के विरोधी दोनों रहें पब्लिक सैक्टर में, इस मामले में हमारी व्यवस्था बिल्कुल तटस्थ है। यह नहीं है कि जिसका विश्वास है वही इसमें रहे। मैं समझता हूं कि जो इसमें विश्वास रखते हैं वही रहने चाहिएं। बाकी लोग बड़े अक्लमंद हैं तो उनको जाने दीजिए, खेती करेंगे, व्यापार करेंगे। क्या इसकी जरूरत है कि इस काम में वह रहें जिनका इसमें विश्वास नहीं है ? मौलाना है तो मस्जिद में जाकर रहें, पंडित है तो मन्दिर में रहें। ऐसी जगह हम उनको क्यों रख दें जहां उनका विश्वास ही नहीं है ? अगर बड़े पैमाने पर देश में यह परिवर्तन नहीं किया गया तो आपके सारे प्रयास नाकामयाब होंगे।

एमर्जेंसी के नाम पर, अभी कल ही मुझे एक तार मिला है, पूर्वोत्तर रेलवे के 14 मजदूर जो लड़ते रहे हैं रेलगाड़ी चालू रखने के लिए, कोयला ढोकर लाने के लिए जिन्होंने मांग की थी, कोयला नहीं है इसलिए गाड़ी नहीं चलती और गाड़ी के डिब्बे नहीं मिलते इसलिये कोयले का स्टाक खदानों पर इकट्ठा हो रहा है, ऐसी स्थिति में जिन्होंने यह कहा था, पूर्वोत्तर रेलवे की यूनियन ने मांग की थी लिखित रूप से कि हम कोयला ढोकर लाने के लिए तैयार हैं, हम गाड़ी चलाने के लिए तैयार हैं, उनमें से 14 कार्यकर्ताओं को बरखास्त कर दिया गया है इस आपातकालीन स्थिति का इस्तेमाल करके क्योंकि कुछ जो अफसर आनन्दमार्गी है जिनका हाथ समस्तीपुर मे मिनिस्टर के हत्या काण्ड में है, ऐसे अफसर इसका इस्तेमाल कर रहे हैं। जिनको विश्वास नही है आपकी व्यवस्था में। ऐसे अधिकार जो आपातकालीन स्थिति के है उनका इस्तेमाल वे अफसर कर रहे है और उनको निकाल रहे हैं जो उत्पादन बढ़ाना चाहते हैं, वे चाहते है कि उनको खत्म कर दें। मैं समझता हूं कि इस बात पर भी वित्त मन्त्री जी गौर करेंगे कि अफसरों के इस ढांचे मे जिनका इस पर विश्वास है वही अफसर इसमे रहें, जिनको विश्वास नहीं है वे उसमें न रहें।

इसका दूसरा हिस्सा भूमि सुधार का है। भूमि के सवाल पर कानून बनते रहे हैं। कानून की खामियों के बारे में मैं नही जाऊंगा। लेकिन एकाध मिसाल जो ताजा आई है वह मैं आपके सामने रखना चाहता हूं। उत्तर प्रदेश के एक जज ने एक फैसला दिया है कि राधाकृष्ण के मन्दिर के नाम पर जो जमीन थी, राधाकृष्ण को एक एक हदबन्दी में नहीं माना जायगा, एक परिवार में नहीं माना जायगा। क्यों ? इसलिए कि राधा कृष्ण प्रेमी थे, विवाहशुदा नही थे। विवाह बाजाप्ता नहीं हुआ था। अगर विवाह हो गया होता तो एक परिवार मान लेते। लेकिन चूंकि विवाह नहीं हुआ था, केवल प्रेम सम्बन्ध

[श्री भोगेन्द्र झा]

था इसीलिए दो परिवार माना गया और दो हदबन्दी का आदेश उस जज ने दिया है। मैं जरूर जानना चाहूंगा कि उस जज की जमीन का क्या हाल है क्योंकि जितना मुझे पाला पड़ा है मैं जानता हूं आकाश से कोई जज नहीं आता है और जमीन जो अन्याय के साथ हासिल की गई है उसे छोड़ना आसान भी नहीं है। आज भी आपातकालीन स्थिति के बाद जब कोई जज यह फैसला देता है जिसका कानून से कोई ताल्लुक नहीं हैं कि प्रेम था और विवाह नहीं था तो जो पत्नी से डाइवोर्स लेकर रखे हुए हैं उसकी हदबन्दी कैसे रखेंगे ? इसलिए पहला कदम तो यह होना चाहिए कि कोर्ट्स को हदबन्दी, बटाई और जमीन के वितरण सम्बन्धी कानूनों में दखल देने का अधिकार समाप्त किया जाय।

श्री मूल चन्द डागा (पाली) : मैं जानना चाहता हूं वह कौनसी कोर्ट है जिसने यह जजमेंट दिया है ?

श्री भोगेन्द्र झा : वह सभी अखबारों मे आ गया हैं।

आप कोर्ट का क्या कर सकते हैं ? वह तो सावरेन हैं। उनको देने दीजिए। मेरा निवेदन है कि इस चीज को कानूनी रूप दे दिया जाय कि जमीन के हदबन्दी के मामले में कोई कोर्ट दखल नहीं दे सकता है। नहीं तो फिर इसको लागू नहीं कर पाएंगे। पंजाब की हदबन्दी का कानून, हरयाना की हदबन्दी का कानून पंजाब हाई कोर्ट ने रद्द कर दिया। सुप्रीम कोर्ट में एक साल से वह लटका हुआ है। इसलिए सरकार को इस चीज को समझ लेना चाहिए। यह स्थिति है। इसलिए हदबन्दी को लागू करने के लिए ऐसी व्यवस्था कानून में करनी है और वह केन्द्र के स्तर पर करनी है, दिल्ली से करनी है कि देश में मुंसिफ से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक इन लोगों को बड़े बड़े काम करने दीजिये, जमीन के छोटे मोटे कामों में इन को दखल मत देने दीजिए। इन कामों से इनको बरी कर दिया जाय और महत्वपूर्ण कामों के लिए इनको रखा जाय। हमारी न्यायपालिका को छोटे छोटे कामों में मत जाने दीजिए। मियां बीबी के झगड़े में मत जाने दीजिये। अगर यह नहीं करेंगे तो यह लागू नहीं कर पाएंगे।

दूसरा पहलू इसका लीजिए। अगर जमीन के कानून को लागू करने का काम ईमानदारी से कोई अफसर करना चाहेगा तो कर नहीं पाएगा। क्योंकि एक ही जमींदार है वह उत्तर प्रदेश में है, बिहार के मधुबनी जिले में भी उसकी जमीन है, फिर सहरसा जिले में जमीन है। उसकी जमीन को इकट्ठा करना कैसे सम्भव है ? बिहार में ही है, सीतामढ़ी जिले में है, मुजफ्फरपुर जिले में है, सारन मे है, गोपालगंज मे है, सहरसा में है, मधुबनी में है। और हर जिले में जमीन कहीं भी हदबन्दी से खाली नहीं मिलेगी, हर जगह हदबन्दी के भीतर है। तो जब तक सब इकट्ठा नहीं की जाती है, उसका निपटारा कैसे करेंगे ? इन सब की जानकारी उस अफसर को होगी कैसे ? इसी तरह से शायद ही कोई भूस्वामी हैं जो अपनी जमीन को पुराने रूप में रखे हुए है। कानूनी, डाइवोर्स के अलावा ऐसे ऐसे नाम से रजिस्ट्री कर दी है जिस नाम का आदमी कोई है ही नही। कुछ मजदूर के नाम से, कुछ पटवारी के नाम से, कुछ सिपाही के नाम से, कुछ ममेरे फुफेरे रिश्तेदारों के नाम से और उसमें ज्यादा लोगों को पता भी नहीं है कि मेरे नाम से जमीन है। हमें बहुत पाला पड़ा है, बंटाई की लड़ाई हमारी चल रही है और इसी में 24 आदमी हमारे शहीद हुए हैं। आप सभी जानते होंगे एक दिन में 8 नेता मारे गए और वह जमींदार सभी दक्षिण पंथी पार्टियों के नहीं हैं। वह सब कांग्रेस में

आ गए हैं और यह मैं कह दूं कि बरुआ जी के आदेश के बावजूद भी उनका आगमन बन्द नहीं हुआ है। बरुआ जी का सर्कुलर गया था कि अभी इस घड़ी में जो दक्षिण पंथी भाग भाग कर आरहे हैं उनको मत लो। इसके बाद भी बिहार के एक जनसंघी विधायक जनसंघ से इस्तीफा देकर स्वतन्त्र बन गए और स्वतन्त्र से कांग्रेस में चले आए। क्या रास्ता साफ कर लिया? यह अभी हुआ है आपातकालीन स्थिति के बाद और बरुआ जी के स्टेटमेंट के बाद। अभी एक जनसंघी जो खराब था एलेक्शन में 72 में वह आपातकालीन स्थिति के बाद अखबार में निकला हैं कि... (व्यवधान)...नहीं, नही, मै यह कह रहा हूं कि उस इलाके के जितने जनसंघी सिंडीकेटी और सोशलिस्ट थे सब पहुंच गए हैं इस पार्टी में जिन्होंने हत्या और आतंक का वातावरण फैलाया था। मगर सबके बावजूद जब जमीन की बटाई के लिए दरख्वास्त पड़ती है तो मालिक से कहा जाता है कि अपनी ओर से आपको क्या कहना है? मालिक यह कहेगा कि जमीन हमारी है तो हदबन्दी में पकड़ा जायेगा। अगर यह नहीं कहेगा, यह कहेगा कि दूसरे के नाम है तो उसको डर है कि ममेरे फुफेरे रिश्तेदार आकर चढ़ जाएंगे। इसीलिए वह मजबूर हो जाता है। ऐसी स्थिति में मालिक को डिग्री देना सम्भव नहीं है सरकार के लिए। बटाईदार के पक्ष में वह इसलिए नहीं दे सकते कि हाकिम हुक्काम और बहुत से मिनिस्टर जमींदारों के पक्षधर हैं, खुद जमींदार हैं। इसीलिए हत्या और मुकदमा करके वह जमीन बनाए रखने की कोशिश करते हैं क्योंकि हमारे इलाके में साढ़े दस हजार व्यक्तियों का आज भी प्रासीक्यूशन होना मामूली बात नहीं है। एक छोटे से अपने लोकसभा क्षेत्र की बात मैं कर रहा हूं। हमारे मित्र धारिया जी को दमन पर बड़ा गुस्सा है। मैं चाहता हूं कि वह चलें हमारे साथ हमारे इलाके में। साढ़े दस हजार व्यक्ति प्रासीक्यूट हो रहे हैं, जेल में हैं, जमानत पर हैं या अभी भी उनके नाम वारण्ट हैं। उसके अलावा 4 हजार पर 107 चल रहा है गैर कानूनी। सी० आर० पी० सी० में है कि छः महीने के बाद खारिज हो जायेगा लेकिन तीन तीन साल से चल रहा है और मुंसिफ कहता है कि जमीन पर दावा करोगे और छोड़ दिए जाओगे?

MR. CHAIRMAN: Mr. Jha, you have already taken 40 minutes. Now, how long will you take to finish your speech.

SHRI M. C. DAGA: Sir, it is a very important point. From the beginning you must regulate the time. Kindly regulate the time in such a way that each Member is allotted not more than 15 minutes.

(*Interruptions*)

MR. CHAIRMAN: It is for me to regulate the time.

SHRI HARI KISHORE SINGH (Pupri): Sir, I would request you to give more time to Mr. Jha. He is making points. You may not agree with him at the moment. But, I think, this being a more important debate, more time should be allotted.

MR. CHAIRMAN: Mr. Jha, you may take five minutes more.

श्री भोगेन्द्र झा: इसलिये जमीन के मामले में अगर कोई अफसर ईमानदारी से भी चाहेगा तो भी उसको पता नहीं लगेगा। उसके पास कागज आयेगा, रिटर्न आयेगा, लेकिन पता नही लगेगा। उसके बाद तीस दिन के बाद रिटर्न दिया, 60 दिन तक ऐतराज करने का मौका रहा और फिर कचहरी में जायं तो साल भर लग जायेगा। बिहार के मुख्य मन्त्री ने कहा था—30 जून तक पचास हजार एकड़ जमीन बाटेंगे, लेकिन पांच हजार एकड़ भी नहीं बंट सकी। इसलिये

[श्री भोगेन्द्र झा]

21 सूत्री कार्यक्रम भी कहीं गलत न साबित हो जाय। अखिल भारतीय कांग्रेस ने अपने अधिवेशन में, जिसके शर्माजी अध्यक्ष थे, यह ऐलान किया था कि 1973 का वर्ष भूमि सुधार का वर्ष मनाया जायगा। 1973 बीत गया, 1974 बीत गया और अब 1975 भी बीत रहा है, लेकिन भूमि सुधार कानून लागू नहीं हुआ। इसलिये इच्छा तो ज़रूरी है, लेकिन इच्छा के अलावा कदम क्या उठाते हैं, वह भी महत्वपूर्ण है। तो मेरा आग्रह है कि भूमि सुधार लागू करने के मामले में प्रखण्ड स्तर पर और ज़िला स्तर पर कानूनी समितियां बनाई जायं। राज्य स्तर पर तो बन रही हैं, लेकिन उन स्तरों पर भी ऐसी कानूनी समितियां बनाई जायं, ऐसे लोगों को लेकर जिन को भूमि सुधार के कार्यों में विश्वास हो। जिन को अमल करने का भी अधिकार हो। केवल राय देना और सलाह देना ही काफ़ी नहीं है। एडवाइज़री या कन्सलटेटिव कमेटी के रूप में बनाना तो केवल मखौल होगा। अगर ऐसा नहीं करते हैं तो काम आगे नहीं बढ़ेगा। आज पांच पांच हज़ार एकड़ के फार्म हैं और हदबन्दी से फाज़िल भी नहीं हैं क्योंकि कागज़ में उन्होंने उसको बांट लिया है। बनारस में मिर्ज़ापुर में, सहरसा में, पूर्णिया में और दूसरी जगहों पर ऐसे फार्म मौजूद हैं। इन फार्मों को केवल कागज़ से आप नहीं देख सकते हैं। बल्कि स्वयं जगह पर जाकर ही इनको देखा जा सकता है। इसलिये मेरा आग्रह है—अगर सरकार इसको लागू करना चाहती है तो जनता का सहयोग एक तरफ़, दमनकारी कदम एक तरफ़ और भूमि सुधार सम्बन्धी मुकदमे यदि चलाये गये हैं, उनको वापस लिया जाय। दूसरी तरफ़ कमेटियों का सहयोग लिया जाय ताकि चोरी की ज़मीन निकल सके। उत्तर प्रदेश में कई लाख एकड़ ज़मीन 15–20 साल पहले हासिल की गई थी और गांव सभाओं को दी गई थी, वह सार्वजनिक ज़मीन बड़े बड़े भूस्वामियों के दखल में है। इक्का-दुक्का किसी हरिजन को दी भी गई तो उसको दखल नहीं करने दिया गया। इसमें हदबन्दी का मामला नहीं है, वह सार्वजनिक जमीन है जिसको बांटना है। उत्तर प्रदेश देश में सब से बड़े राज्यों में से है, वहां पर बड़े बड़े भूस्वामियों ने उस सार्वजनिक जमीन पर दखल किया हुआ है अगर किसी के नाम पर पट्टा भी होता है तो वह उस जमीन पर रह नहीं सकता है यहां दिल्ली में ननकू नाम का एक हरिजन है, जिसके लिए मैंने चार साल मेहनत की, उसको जमीन मिल गई—मुजफ्फर नगर में। वह वहां गया तो जमींदारों ने कहा कि अगर जमीन पर जाओगे तो काट दूंगा। वह वहां जा नहीं सकता है। इस तरह लोगों के पास कागज रहता है, लेकिन वे वहां जा नहीं सकते हैं। इसलिए एक तरफ बड़े भूस्वामियों को दबाने की जरूरत है तो दूसरी तरफ आम लोगों को जगाने की जरूरत है। वरना सदेच्छा के बावजूद भी आप इसको लागू नहीं कर पायेंगे। इस आपातकाल की स्थिति के बाद भी यदि आप इस को लागू नहीं कर पाये तो देश का क्या हाल होगा? आपके वचन पर लोग भरोसा कैसे करेंगे। इस बात पर आपको गौर करना होगा। केवल यही प्रोग्राम नहीं, हमारी व्यवस्था, हमारे वचन की पवित्रता और हमारा जनतन्त्र दांव पर लग गया है। इसलिये यह एक मामूली कार्यक्रम जो रखा गया है, इसको तो अवश्य लागू किया जाना चाहिये। ज़रूरत इस बात की है कि जो भूमि कानून का उल्लंघन करते हैं उनके लिये केवल जुर्माना क्यों हो? राज्यों में 100–50 रुपया जुर्माना हो जाता है, उनको जेल क्यों नहीं भेजते हैं। आन्तरिक सुरक्षा कानून आपने पारित किया है, तो फिर 200–400 रुपये का जुर्माना क्यों? ऐसे भूस्वामी जेल में क्यों नहीं जायेंगे?

वे अपना खाना क्यों खायेंगे ? उनको सरकार की तरफ से जेल में खाना मिलेगा। अगर वह कानून का उल्लंघन करें तो उनको जेल में बन्द कर दिया जाय। जो जमीन की चोरी करता है, सामान और गल्ले की चोरी करता है उनके लिये चोर जैसा व्यवहार होना चाहिये। कानून तोड़ने वाले के साथ वैसा ही व्यवहार होना चाहिये—तभी आप इसको लागू कर सकते हैं।

इसी तरह से कर्ज वाला मामला है। हम सब जानते हैं—समूचे देश मे सभी राज्यों में, सभी शहर, सभी गावों में, सभी शहर के मुहल्लों मे कोई भी ऐसी जगह नही है जहां पर महाजनी कानून मे सूद की दर का खुला उल्लघन न होता हो। देश भर में 12 फीसदी से अधिक सूद लेने का कानून नही है, लेकिन देश में एक भी शहर, एक भी गाव ऐसा नहीं है जहा पर सूद की दर इससे चौगुना, आठ गुनी, दस गुनी न हो। इसका उल्लघन हो रहा है, तो इसके लिये क्या करेंगे ? उत्तर प्रदेश में एक एकड़ से कम वाले सभी लोगों के लिय कर्ज की छूट दी गई है। यह सही कदम है। मध्य प्रदेश ने भी कदम उठाया है, वह भी सही कदम है। बिहार में हरिजन आदिवासी के नाम पर किया है। हम निश्चित रूप से जानते हैं कि सिर्फ हरिजन आदिवासी के लिये करेंगे तो महाजन जो गरीब ऊची जात वाले है, उनको लठैत बना कर इस्तेमाल करेंगे और कानून अमल मे नहीं आयेगा। इसलिये केन्द्रीय स्तर पर सरकार तय करे कि जो मार्जिनल फार्मर्स है, ढाई एकड़ वाले तक, उनका कर्जा सारे देश म माफ होगा, चाहे वे किसी जाति के हों, किसी तबके के हो। ऐसा करेंगे तभी इसको लागू कर सकेंगे और तब जाति का डिवीजन नही हो सकेगा।

साथ ही साथ बैंकों से कर्जा देने का जो सवाल है—उसके लिये सरकार योजना बना रही है। वित्त मंत्री ने कुछ कहा नहीं है, समय बीत रहा है। हम आशा करते हैं कि इसको वे लागू करेंगे। आखिर में, मैं सिंचाई के सम्बन्ध मे कहूगा कि राजस्थान नहर देश की सबसे बड़ी योजना है। एक राज्य के लिये नही, देश के लिये सबसे बड़ी योजना है। इसी प्रकार हमारे यहां गण्डक और पश्चिमी कोसी की योजना है। मेरा ऐसा विश्वास है केवल राजस्थान नहर को ही हम पूरा कर लेते हैं तो खाद्यान्न के मामले में हम देश को आत्म-निर्भर बना देंगे। कौन सी कमी है ? बैंकों के पास पैसे की कमी नही है। बैंक चिल्ला रहे हैं कि हमसे कर्जा लो और राजस्थान पैसा मांग रहा है—दूसरी तरफ देश मे कृषि उत्पादन कम है, तो इसको पूरा करने में दिक्कत क्या है ? हम चाहेंगे कि सरकार ऐलान करे कि रुपये की कमी की वजह से कोई भी योजना रुकेगी नही, चाहे राजस्थान नहर की योजना हो, तुगभद्रा, गण्डक, पश्चिमी कोसी या कोई और योजना हो। सरकार ऐसा ऐलान करे ताकि देश आत्मनिर्भर हो सके और अगले साल हम कह सकें—यह सदन कह सके—और हमारी प्रधान मंत्री कह सकें—कि वर्षा के भरोसे हम नही रहेंगे। वर्षा हो या न हो हम खाद्यान्न पैदा करेंगे, कपास, जूट और ईख कारखाने के लिये पैदा करेंगे।

अन्त में, मैं यह कह कर बैठूंगा। इस आशा के साथ कि सरकार अभी भी इस बात का ऐलान करे कि कार्यक्रम लागू करने के लिये संसदीय समितियां, जनतान्त्रिक समितिया स्टेच्यूटरी पावर्स के साथ नीचे से ऊपर तक काम करेंगी। ससद् और विधान सभाओं के सदस्यों को भी यहां बोलने के अलावा कुछ काम करने का मौका होगा। जो लोग काम करना चाहते हैं उनको मौका मिलेगा, उनकी जिम्मेदारी भी हो ताकि लोग उनको पकड़ सकें कि इसका कार्यान्वयन कैसे किया, इसको लागू कैसे किया। इसलिये

[श्री भोगेन्द्र झा]

इस व्यवस्था में परिवर्तन की जरूरत है। जो अफसर हैं उनके साथ जनता के प्रतिनिधियों को मिला कर ऐसा परिवर्तन किया जाय ताकि उस योजना को हम दिसम्बर तक पूरा करने का प्रयास कर सके और देश उत्साह के साथ आगे बढ़ सके।

MR. CHAIRMAN: I have got before me a very long list of speakers. So, ten minute is the maximum which can be permitted to a Congress speaker.

SHRI MOHAN DHARIA (Poona): When the motion was moved I was in the library and that is why, I was a bit late. Now, I should be allowed to move an amendment, notice for which has already been given by me.

MR. CHAIRMAN: The stage when the amendment is called for, is now over. *(Interruption)* Please listen to me. As far as I could see, I have to give you a ruling. I am not going to bar you. At the time when you were called, you were not here. The amendment was not moved. The nature of the proceedings now is that along with the resolution, the amendments are now under discussion. The question is, when the discussion is on, whether amendments could be permitted to be moved. Maybe, at the last stage, somebody could consider it; the person in the Chair could consider it. I am not barring it here. Anyway, I do not think you can now move the amendment. Permitting the amendment to be moved when the discussion is on, I think, is not proper. The matter will be there and somebody will consider it.

SHRI DARBARA SINGH (Hoshiarpur): I would request you to extend the time, because this 20-point programme is a very important programme. Everybody would like to place his ideas; and the Government can assess all this and take care of all their views.

MR. CHAIRMAN: Let us start without wasting the time of the House. I have given a broad indication. *(Interruptions)* Mr. Dharia, I have told you.

SHRI MOHAN DHARIA: I am not opposing your ruling, Sir; but it has been the practice. I am in the Parliament for the last 12 years; and if somebody is delayed for private reasons, it has been the practice to permit him. I would request you to consult your office. But it has been the practice that amendments are allowed to be moved, on such grounds.

MR. CHAIRMAN: As far as I am concerned, I have given the ruling. My ruling does not bar you. That is there. It may be before the final stage comes. *(Interruptions)* anyway, the question is that the resolution, along with the amendment, is now under discussion. The discussion has started. When the discussion is proceeding, no amendment can be permitted to be moved.

Now, Mr. Goswami.

SHRI DINESH CHANDRA GOSWAMI (Gauhati): Mr. Chairman, Sir, I am thankful to the hon. Finance Minister for bringing this motion in the House. It has given us an opportunity of discussing this 20-point programme. It is in the fitness of things that we should discuss it in depth and in detail, because I feel that the future of the political system of this country and of the institutions which we cherish, to a great extent, are dependent upon the success or failure of implementation of this 20-point programme. Sir, it needs no saying that this programme has received widespread support from all sections of the people; and in fact, one of the basic grounds for the people's support to the proclamation of the Emergency, among other grounds, has been the declaration of this programme by the hon. Prime Minister. It has given a new enthusiasm and

a new hope to the people—people who are suffering great hardships during the last few years. The Finance Minister has dwelt at length on the shape of the economy through which the country has passed during the last few years; and the last year has been one of the most difficult years that the country has had to face in its economic front. It is unfortunate that when, due to various cases—manmade or otherwise, mostly causes beyond the control of the Government—prices were rising every moment and every day, attempts were made by some of the Opposition parties to create a climate of defeatism and helplessness in this country. We know, sir, that when the emphasis on production was the necessity of the day, there were attempts by these of the Opposition parties—parties who are outside this House to-day—to create atmosphere where the wheels of production might stop. We know, sir, that last year alone, 16 lakhs of man-days were lost due to labour trouble. The Railway strike alone caused this country a loss of Rs. 124 crores. After the declaration of this 20-point programme, one of the criticisms made is that the Prime Minister has said nothing new; and the other criticism that has been made, just now by my friend, Mr. Bhogendra Jha, is that the programme, by itself, does not give a new direction to the economy which can prevent the ills of the economic system of this country. Sir, the Prime Minister herself has admitted that in this 20-point programme, she has said nothing new. In fact, she has prefaced her speech by saying so. In fact, I feel that for any Prime Minister of our country, belonging to the Congress side, to say something dynamically new on the economic front is almost impossible. That is because the Congress through various resolutions for so many years has given such a direction to this country that it has taken into account the vital economic needs of this country, and hardly anything new can be said which has not been said before. The Prime Minister has also said that we should not expect miracles, that the fact that this programme has been announced does not mean that there will be an end of the evils of the economic system and that this programme only emphasises the necessity of seriousness and dedication towards its implementation.

Mr. Bhogendra Jha has complained that in this programme there has been no change in the basic direction of the economy and, therefore, the evils of our economic system cannot be expected to be rooted out. Let us not forget that. This programme by itself does not give a new direction to the economy. It is only an enunciation of 20 basic features on which emphasis is sought to be laid by the Government, but this is not the only programme that the country is going to pursue in the years to come. The basic programmes of the Government have been enunciated in various other resolutions and declarations. They are not substituted by this programme, but only supplemented.

This programme has evoked great enthusiasm because it gives very great importance to the down-trodden people of this country. It is our greatest misfortune that those who have contributed most for the economic prosperity of the country up till now have not been benefited by the independence of this country. On the other hand, those who have benefited most after independence have made virtually no contribution to the prosperity of the country. So, this programme tries to give benefit to the people who have contributed most to the progress and prosperity of the country and it also emphasises that those who have benefited shall have to make their due contribution to the national mainstream, be it voluntarily or through coercive measures.

[Shri Dinesh Chandra Goswami]

Agriculture today is the mainstay of the economy of the country, but statistics show that today 10 per cent of the agriculturists occupy 56 per cent of the total agricultural land. The agricultural labour force today in this country is 47 million constituting 38 per cent of the total workng force. And there has been an increase of 32 per cent in this force during the last decade from 1961 to 1971. This agricultural labour force definitely constitutes the main force on which the progress of the country depends, but what is their fate? Their per capita annual income today is only Rs. 253, and they get work only for 200 days in the year. Unfortunately, though we were talking in terms of land reforms and improvement of the economic conditions of the rural poor for the last so many years, our direction to a certain extent was hazy and therefore, we did not place much emphasis really on removing the hardships of these people. Hence, a new direction is given in this programme that there must be a minimum wage for agrcultural labour and that it should be implemented and the minimum wage may vary in different States according to the conditions prevailing there.

We also know that 63 8 per cent of the total agricultural population of our country is under debt. Today's newspapers have reported that rural debt upto 1971 amounted to Rs. 4000 crores. It must have increased by 50 per cent during the last three years. Till now no real effort had been made to tackle the problem of rural indebtedness. Hence, a moratorium has been declared on the rural indebtedness of agriculturists in the lower rung.

I congratulate the Finance Minister on deciding to set up 50 banks in the rural areas by 2nd October because a mere declaration of a moratorium is not sufficient since it shuts out the only borrowing avenue available till now, namely, the money lenders, without providing an alternative source. This problem is stupendous and hence, while welcoming this step, I urge upon the Finance Minister to consider seriously how he can embrace 10 million people within the next few months through banks or other financial institutions for meeting their needs.

Today at last the question of urban ceiling has also been sought to be tackled in detail and depth. Black money today is creating havoc in this country. In fact, a report in today's Hindustan Times makes interesting reading:

"A survey of 75 luxury houses in Maharani Bagh and Greater Kailash Colonies was conducted by two parties of income-tax officers, including women inspectors.

During the operation one of the parties came across a house in the Maharani Bagh area fitted with 9 air-conditioners (mostly imported), three refrigerators, five cars (three of them imported), five geysers, seven costly carpets, several chandeliers and other luxury items. The value of moveable property found in the house is placed at about Rs. 5 lakhs.

A retired army official occupying a luxurious house, was owning two imported cars, six air-conditioners, half a dozen big carpets, a refrigerator, a deep freezer, radiogram and also possessed a motor-cycle and a scooter. He maintained a retinue of five servants with a pay of Rs. 1,100 each per month.

The other tax dodgers discovered included claims for tax deduction to the tune of Rs. 27,600 towards rent paid for business premises. On investigation, the incometax party discovered that the 'business premises'

was confined to a room in the servants' quarters."

It looks like a story out of the Arabian Nights. I am happy that at least some sort of beginning has been made in regard to urban ceiling and also socialisation of urban land, and an all out drive has been conducted to find out and punish those who are trying to cripple the economy through black money.

The other important aspect of this programme is that it touches those other sections of the community whose case deserved special consideration. Some effort has been made to give help to students residing in hostels by providing them books at reasonable rates. The raising of the income-tax exemption limit from Rs. 6,000 to Rs. 8,000 is welcome though one would have expected that it could have been raised to Rs. 10,000. The unemployment problem has been sought to be tackled by amending the Apprenticeship Act, but we must provide for the employment of at least one person in every family in the country.

For the effective implementation of this programme, we should not depend solely on Government machinery. We should try to utilise the human resources available in this country and place reliance on non-governmental organisations and progressive political forces, students and others shall have to be associated because no country has succeeded merely through its governmental agency.

The future of this country today, to a great extent, will depend upon the successful implementation of this programme. If we fail in implementing this programme, the people will lose all confidence in the politicians and the political system.

In this connection, I cannot refrain myself from quoting a favourable quotation of Jawaharlal Nehru: "You cannot cross abyss by two jumps." One can cross an abyss only by one jump. We have reached a point of no return today. If we try to cross it by two jumps, we shall be falling at the bottom and will never be able to climb out of it again. Therefore, the Government and if we want to survive, the political force shall have to have all the dynamism and with that expectation, I congratulate the Finance Minister for the steps taken and the Prime Minister for her dynamic leadership in declaring this economic programme and the Finance Ministry for giving us an opportunity to discuss it in this House.

श्री राम सहाय पांडे (राजनदगाव) : सभापति जी, आपातकालीन स्थिति के बाद एक नये परिवर्तन, एक नये जागरण, एक नये उत्साह, एक नये अनुशासन का दर्शन हो रहा है। प्रधान मंत्री ने जिस ओर कदम उठाये हैं, वित्त मंत्री के शब्दों में, बडे आशाजनक है। 15 वर्षों से लगातार हमारी आर्थिक ग्रोथ 3.5 प्रतिशत के आसपास रही। और 1973-74 का वर्ष औद्योगिक उत्पादन की दृष्टि से ना एक प्रतिशत के करीब रहा खेती के उत्पादन मे बड़ी भारी कमी हुई। परिस्थितिया, सब जानते है पानी की कमी से, वर्षा की कमी से उत्पादन मे कमी हुई। इस वर्ष वर्षा अच्छी हो रही है और जिस वर्षा के होने के सदर्भ में हमने एज कल्पना की है कि हमारा खेती का उत्पादन 6 प्रतिशत के करीब होगा और 114 मिलियन टन अनाज के उत्पादन के करीब हम पहुंच जायेंगे। इसी प्रकार औद्योगिक उत्पादन के सम्बन्ध में 5 और 6 प्रतिशत की कल्पना की गई हैं।

पिछले बजट के समय वित्त मंत्री जी ने कहा था कि देश की आवश्यकता, मिनिमम न्यूनतम उत्पादन की क्षमता 5 और 6 प्रतिशत तक होनी ही चाहिये। अगर 5, 6 प्रतिशत की जो कल्पना की है उस तक पहुच जाते है तो यह आपातकालीन स्थिति और 20 सूत्री कार्यक्रम की ओर बढ़ना जन-जागृति के साथ

[श्री राम सहाय पांडे]

इसको कार्यान्वित करने की दिशा में बड़ा सुन्दर श्रेष्ट और शुभ श्रीगणेश होगा ।

श्रीमन्, आप इस बात से सहमत होंगे कि सारा दारोमदार कार्यान्वित करने पर होता है । 25 वर्षों के संदर्भ में देखा गया हमारी परिकल्पनाओं की, योजनाओं की कमी नही रही, हमारे इरादे की भी कमी नही रही, हम समाज के अन्तिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहते थे अर्थ विकास के साथ । हमे आत्म-निरीक्षण करना होगा कि आखिर क्या कारण है और क्यों हम समाज के अन्तिम व्यक्ति तक आर्थिक विकास को ले कर नही पहुंच सके? उसका सबसे बड़ा कारण इम्प्लीमेंटेशन, आर्थिक योजनाओं के कार्यान्वित करने के दोष मे है । आप ससद मे सब कुछ पारित करते है, अच्छे से अच्छा प्रस्ताव, और हमारी इस बात की योजना होती है, जिसमें सभी माननीय सदस्य सहमत होते है । आखिर हमारा देश किसानो का देश है और द्वितीय श्रेणी मे मजदूरों का देश है । तीसरा तो कोई व्यक्ति ही नही । मजदूर और किसान दाये और बाये हाथ है, वही श्रमशील है लेकिन वही सबसे अधिक भूखे है । उन्ही के बच्चे बेकार है । धरती नही है किसानो के पास । 100 मे 72 आदमी गाव में रहते है, लेकिन धरती का बटवारा आज तक इस स्थिति पर नही हो सका कि जो हल चलाये उसको धरती मिले । जैसा माननीय भोगेन्द्र झा ने कहा कि बहुत धरती बेनामी है, उसका बटवारा होना चाहिये । धरती उसी को मिलनी चाहिये जिसके पास हल है, जो हल से खेती करना चाहता है, जिसके पास धरती नही है । मैं मध्य प्रदेश के छत्तीसगढ इलाके से आता हूं जहां सौ में 33 व्यक्ति आदिवासी और हरिजन हैं, गरीब है, उनके पास कोई साधन नही, बड़ विपन्न स्थिति है उनकी, अकिंचिन स्थिति है, वे बहुत गरीब है । मैं उसको गरीब कहता हू कि जिसके पास कोई साधन नही है, धरती नही है । यही गरीब की मेरी परिभाषा है । धरती आप दे दें, वह अपने श्रम से और उपक्रम से जो भी खेती के उपादान हैं उनके माध्यम से अपनी स्थिति को ठीक कर लेगा । अगर उसके पास धरती ही नही होगी तो वह बेचारा क्या करेगा ? वह जंगलों में रहता है, वह शिक्षित नहीं है, वनवासी है । वहा एक तिहाई लोग गरीब हैं । आपकी योजनाओ के माध्यम से जो धन का बटवारा होता है वह राजनैतिक बटवारा होता है, पोलिटिकल डिस्ट्रीब्यूशन आफ फंड होता है । यह नही होना चाहिये । अगर दरबारा सिंह जी नाराज न हों तो मैं एक बात कहना चाहूंगा । मैं पंजाब की बड़ी प्रशंसा करता हू । पंजाब और हरियाणा में करीब 70 प्रतिशत इलाके में सिंचाई की व्यवस्था है । राजस्थान में पानी का पोटेंशल है, वहा राजस्थान नहर बननी चाहिये । इसका मैं समर्थन करता हू । लेकिन मध्य प्रदेश जहा बडा पोटेंशल है, जहा नदिया है, पानी है, जहा पचास इंच वर्षा होती है, वहा इस सबके बावजूद भी सिचाई कुल 9 5 प्रतिशत इलाके में होती है । सिचाई मंत्रियों की एक कांफ्रेंस हुई थी । उसमे सोचा गया कि अनाज के प्रोडक्शन के पोटेंशल की तरफ ध्यान दिया जाय, उसकी सर्वे की जाए, किस प्रदेश में कितना पैदा हो सकता है उसको आधार बनाया जाय ।

अब इसको आप देखे तो मध्य प्रदेश में पचास इंच वर्षा होती है, वहा नदिया हैं, वहा पानी है, जैसलमेर और बाड़मेर जैसा एरिया वह नही है, वहा नर्मदा है जिसका जो प्रोजेक्ट है वह पूरा नही हुआ है लेकिन सब कुछ होने के बावजूद भी वहां सिचाई की व्यवस्था नगण्य ही है, यह बड़े ही दुर्भाग्य की बात है, जहां और प्रदेशो मे 40, 50 और 60 प्रतिशत है वहा मध्य प्रदेश म केवल नौ प्रतिशत है । बाकी जगहों पर यह प्रतिशत ज्यादा है इससे हमें तकलीफ नही होनी है । हमें तकलीफ

इस बात से होती है कि हम.री तरफ बहुत कम ध्यान किया गया है। वहां पर भी बांध बनाने के लिये पैसा दिया जाना चाहिये और सिचाई सुविधाओं का विस्तार किया जाना चाहिये। ऐसा अगर किया गया तो हम आधे देश को खाना खिला सकते हैं। चावल दे सकते है। छत्तीसगढ को चावल की कटोरी कहा जाता है। लेकिन कटोरी खाली है, वहां की धरती प्यासी है। मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र दोनों एक जैसे है सिचाई के मामले में। यह दोनों का ही दुर्भाग्य है। उनके साथ स्टैप मदरली ट्रीटमेंट किया गया है। बम्बई साइड मे मानसून आती है। अरब सागर मे आता हैं और पानी बरसाती है। इनके यहा सिचाई 7 प्रतिशत में होती है और हमारे यहां आठ नौ प्रतिशत में। आज के संदर्भ में जब पैसे का एलाटमेंट हो तब पोटेंशल आफ वाटर भी देखा जाय।

साथ ही पोटशल आफ इलैक्ट्रिसिटी को भी देखा जाय। उस मामले में भी हमारे साथ न्याय नही हुआ है। पानी और बिजली मिल जायें तो छत्तीसगढ उडीसा को, बिहार को राजस्थान आदि का खिला सकता है। पंजाब के बारे मे मैं नही कह सकता हूं।

श्री मूल चन्द डागा (पाली) : राजस्थान कैनाल बन जाय तो हम देश को खिला सकते है।

श्री राम सहाय पांडे . जहां साधन हैं वहां पर उसी अनुपात से पोटेशल को देखते हुये पैसे का अलाटमेंट किया जाना चाहिये।

पावर का बड़ा भारी क्राइसिस पैदा हो गया है। विभिन्न क्षेत्रों में। बिजली न होने की वजह से बहुत ज्यादा उत्पादन में कमी आई है। मैंने कितनी ही बार कहा है कि पिट हैड्ज पर जहां कोयला है जहा से कोयला भटिंडा आदि दूसरी जगहों को जाता है और जिसमें वैगंज इन्वाल्व होते हैं। वहीं पर थर्मल स्टेशन आप लगा दें। सुपर पावर स्टेशन लगा दें तो ट्रांसमिशन टावरों के जरिये बिजली दूसरी जगह सप्लाई हो सकती है। बिजली भी हमारे यहां है, कोयला भी है, सुपर थर्मल पावर स्टेशन आप लगायें तो हमारा भला हो सकता है। बांधों के लिये पैसा दें। एग्रिकलचरल प्रोडक्शन हमारा बहुत बढ़ा सकता है। आपने 114 मिलियन टन की कल्पना की है। आप छः प्रतिशत ग्रोथ रेट चाहते हैं। इसके लिये यह जरूरी है जहां जो पोटेशल है उसका हारनेस किया जाय।

इनफ्रा स्ट्रक्चर की बात भी आती है। आप कहते है कि बैकवर्ड एयरियाज में आप छोटे छोटे उद्योग धंधे देंगे। कैसे देंगे अगर वह इनफ्रा स्ट्रक्चर ही नहीं आप प्रोवाइड करेंगे। चैरिटी के खातिर कोई वहां नही जाएगा। एम्प्लाईमेंट देने के लिये नही जायेगा। वहां भी अगर कोई जाएगा तो प्राफिट मोटिव से जाएगा, जब उसको इनफ्रा स्ट्रक्चर मिलेगा तभी वहां वह जाएगा। इस वास्ते वहां आप पानी बिजली, रोडज एप्रोच रोड्ज, रेलवे की सुविधा का प्रबन्ध करें। इसके बगैर यह काम नही हो सकता है। बीस सूत्री कार्यक्रम जो आपने बनाया है उसने सबसे ज्यादा जोर आपने वीकर सेक्शन आफ सोसायटी की तरफ दिया है, उत्पादन बढ़ाने की तरफ दिया है। वही सर्वहारा है। वह कष्ट मे है। उस तक आपको पहुंचना है। उसको आप अनाज, कपड़ा, एम्प्लाईमेंट आदि देना है, उसको आपको उद्योग मैं लगाना है। यह तभी सम्भव हो सकता है जब आप इनफ्रा स्ट्रक्चर उन इलाकों में प्रोवाइड करें।

जो लोग लगजूरियस लाइफ लीड कर रहे हैं, जो खिंच कर बम्बई, कलकत्ता, मद्रास आदि आ गये है, उनके रिसोर्सिस आदि को जो देखा जा रहा है इसके लिये मैं आपको

[श्री राम सहाय पांडे]

मुबारिक बाद देता हूं। कहां से पैसा उनके पास आया है, कहां से एक एक फ्लैट को फर्निश करने पर उन्होने पांच दस लाख खर्च किया है, इसकी जो जांच पड़ताल की जा रही है इसका मैं स्वागत करता हूं। मैं तो कहूंगा कि एक हजार के उपर जो भी रेंट देता है उस पर हैवी टैक्स लगना चाहियें। उनको पता चलना चाहिये कि देश को कष्ट पहुचा कर वे इतना किराया देते है। यह सारा खर्च इंडस्ट्री पर डाल दिया जाता है। डिसिप्लिनल ग्रास्टेरिटी की तरफ आपको कदम उठाना होगा और लोगों को मजबूर करना होगा कि वे ग्रास्टेरिटी की लाइफ लीड करे। हमारा देश गरीब है। यह अमरीका, फ्रांस नहीं है, या यूरोप का कोई देश नही है, एफलुएट देश नही है। यह गरीबों का देश है। यहां पर दो तीन परसेंट लोग ही एफलुएट लाइफ लीड करते है। उन्ही के पास नौ नौ एयर कंडिशनर है, पाच पांच लाख का फर्नीचर है। आप नारीमैन प्वाइट को देखें, वलकेश्वर की जिन्दगी को देखें वह हांग-कांग जैसा बन गया है। हम किसानो की बात करते हैं, उन्हीं को हम रिप्रिजेंट करते हैं लेकिन उनको ज़मीन नहीं मिलती है। वही हमको वोट देता हैं और उसी की उपेक्षा होती है। वह प्यासा है, वह भूखा है। जो पैदा करता है वही भूखा है। मजदूर पैदा करता है वह भूखा है। जो श्रमशील है वही भूखा है। जो मेहनत नही करता है उसका पेट बढ़ा हुआ है, वह मोटा हुआ फिरता हैं। उसके यहां नौ नौ और दस दस एयरकंडिशनर लगे हुए हैं। पता लगाया जाना चाहिये कि उसके पास कहां से पैसा आया है। अगर गरीब आदमी को सूखी रोटी खाने को मिलती है तो सारे देश के लोगों को सूखी रोटी खाने को मिलनी चाहिये। ऐसा नहीं होना चाहिये कि कुछ तो इतना खाएं कि उनको बदहज्मी हो जाए और कुछ को खाने को ही न मिले और उनका पेट पीठ से लग जाए। जो सन्तुलन टूट गया है व्यक्ति और व्यक्ति के बीच में, समाज और समाज के बीच में इसको पुन: स्थापित किया जाना चाहिये। जो सर्वहारा है उसको रहने के लिए मकान नहीं मिलता है और जो दो तीन प्रतिशत हैं वे बड़ी बड़ी कोठियों में रहें यह नही चल सकता है। यह बड़ा भारी अन्याय है। यह मानवीय, आर्थिक और सामाजिक दृष्टि से अन्याय है। यह 20-सूत्री कार्यक्रम की दृष्टि से भी अन्याय है। आखिर पार्लियामेंट में हम लोग क्या करते है? चिराग तले अंधेरा कैसे हो गया? इसलिए जो एक प्रकार का संतुलन टूट गया है, उस को जोडना चाहिए, और सब से पहले उस आदमी का खयाल रखना चाहिए, जो सर्वहारा है, भूखा है, जिसके पास काम नही है, जिसके पास हाथ नही है, लेकिन वे मिट्टी से गीले नही है, जिसकी आंखें गीली है।

15.00 hrs.

ज़मीन का बंटवारा होना चाहिए। सरकार ने बहुत पहले कहा था कि हम शहरो की प्रापर्टी की सीमा निश्चित करेंगे, अरबन लैंड सीलिंग लागू करेंगे। इस काम को अविलम्ब किया जाये। जैसा कि श्री भोगेन्द्र झा ने कहा है, बेनामी ज़मीनों की तरफ़ भी ध्यान दिया जाये। ग़रीब और ग़रीब होता जा रहा है और अमीर और अमीर होता जा रहा हैं, यह बात अब नहीं होने देनी चाहिए।

हम समझते है कि श्रीमती इन्दिरा गाधी के नेतृत्व मे देश ने एक बार फिर करवट ली है, उस ने चेतना, जागृति और आस्था के साथ यह निश्चय किया है कि उनके नेतृत्व में एक नया युग लाने की दृष्टि से प्रयास किया जाये।

मैं ग्राशा करता हूं कि जिन प्रदेशों में पोटेंशल ग्राफ ग्रोग्रथ है, उन को ज्यादा से ज्यादा साधन दिये जायेंगे, ताकि बेकारी दूर हो, ग्रनाज ज्यादा पैदा हो सके. ग्रौद्योगिक उत्पादन भी ग्रधिक बढ़ सके, ग्रौर हम ग्रपने लक्ष्य की ग्रोर ग्रागे बढ सकें।

श्री पी० गंगा रेड्डी (ग्रादिलाबाद) : जनाबे सदर, गुजिश्ता चन्द सालो से मुल्क मे जो बद-ग्रमनी, ग्रफ़रातफ़री ग्रौर इन्तशार फैला हुग्रा था, उससे मुल्क की सालमियत को खतरा लाहक हो गया था। जसा कि एक शायर ने कहा है :

"न समझोगे तो मिट जाग्रोगे
ऐ हिन्दुस्तान वालो,
तुम्हारी दास्ता तक भी न होगी
दास्तानों मे।"

हमारी महबूब कायद ने हंगामी हालत (इमर्जेन्सी) का निफ़ाज कर के मुल्क को इस खतरे से बचा लिया है, हालांकि यह एक इन्तहाई तक्लीफ़देह, लेकिन जरूर इकदाम था। हमारे बाज़ साथी इस इकदाम की मुख़ालिफ़त करते है ग्रौर हमारी नुक्ता-चीनी करते है। मैं उनके बारे मे यह कहूंगा कि :

"लो ग्राज वह भी हम पे उठाते है उगलिया
जीने का हम ने जिन को सलीका सिखा
दिया।"

प्राइम मिनिस्टर के ऐलानकर्दा बीस-नुकाती प्रोग्राम से यह तवक्को बंध गई है कि मुल्क में मग्राशी मुसावात के हासिल करने के एक नये दौर का ग्रागाज़ हो जायेगा। यह प्रोग्राम रूजवेल्ट के न्यु डील ग्रौर रूस के न्यु इकानोमिक प्रोग्राम के मुताबिक है। ग्रगर इस पर ग्रमल-ग्रावरी हो, तो यकीनन हमारा मुस्तकबिल बहुत दरखशां ग्रौर रोशन होगा।

गुजिश्ता चन्द सालों से मुल्क में महंगाई बहुत तेज़ रफ़्तार से बढ़ रही थी। लेकिन यह सिर्फ़ ग्रपने ही मुल्क तक महदूद नहीं थी, बल्कि यह एक बैनुलकवामी फ़िनामिनन था। मगर इमर्जेंसी के निफाज के बाद महंगाई की रोकथाम ही नहीं हुई है, बल्कि कीमतों मे काफ़ी हद तक कमी हुई है, ग्रौर उम्मीद है कि बहुत जल्दी कीमतें मामूल पर ग्रा जायेगी। कीमतो को मामूल पर लाने के लिए इस बात की शदीद जरूरत है कि चीज़ों की पैदावार ज्यादा से ज्यादा हो, वर्ना फिर महंगाई बढ जायेगी।

ग्राबपाशी के प्रोग्राम के तहत मज़ीद 50 लाख हैक्टर ज़मीन ग्राइंदा चन्द सालों में ज़ेरे-ग्राबपाशी लाने का जो प्रोग्राम है, जिस के लिए 63 करोड़ रुपये इस साल के मवाज़ना में ज्यादा मुहैया किये गये है। यह एक बहुत ग्रच्छा प्रोग्राम है। छोटी ग्राबपाशी की स्कीमों को फौरन ग्रमल में लाना चाहिए, ज़मीदोज़ पानी के ज़राये का पूरा इस्तेमाल किया जाना चाहिए ग्रौर दरियाई पानी के तनाज़ों का फौरन तसीना किया जाना चाहिए। एक ग्रानरेबल मेम्बर ग्रभी गंगा-कावेरी लिंक की बातें कर रहे थे। हम एक नदी के पानी के निज़ा की यकूमई मे मुश्किल महसूस कर रहे है। पोचमपाड ग्रौर नागार्जुन सागर प्राजेक्ट्स की फ़ौरी तकमील की जरूरत है।

बिजली के बग़ैर ज़रई ग्रौर सनग्रती तरक्की नामुमकिन है। जहा तक सुपर थर्मल प्लांट का सवाल है, चूंकि ग्रान्ध्र प्रदेश मे कोयले के बहुत ज्यादा ज़खायार हैं, इस लिए वहा के लिए कम से कम एक सुपर थर्मल प्लाट मन्जूर किया जाये। ग्राप जानते हैं कि हमारे मुल्क में बिजली के ट्रांसमिशन लासिज़ ग्रौर बिजली की चोरी काफी बड़े पैमाने पर होती है। ग्रगर इस की रोक-थाम की जाये, तो 20 फ़ीसदी ज्यादा बिजली फ़राहम हो सकती है।

[श्री पां० गंगा रेड्डी]

जरई पैदावार के बारे में मैं ज्यादा न कह कर सिर्फ यही कहूंगा कि जो भी पैदावार होती है, उस की रीम्युनरेटिव प्राइस, वाजिबी कीमत, तय करना बहुत जरूरी है।

मैं यह भी अर्ज करूगा कि टैक्स की चोरी पर, जिस को टैक्स इवेजन कहते हैं, बहुत ही सख्ती से पाबन्दी लगाई जाये। 20-पाइंट प्रोग्राम में इनकम टैक्स के सिलसिले में 6,000 रुपये से बढा कर 8,000 रुपये तक छूट दे दी गई है। इस छूट को बढा कर 10,000 रुपये तक कर देना चाहिए था। 8,000 रुपये और 10,000 रुपये के दरमियान की आमदनी वाले लोगों के एसेसमेंट पर जो वक्त सरफ होता है, अगर वही वक्त बडे केसिज और टैक्स इवेजन का पता लगाने पर सरफ किया जाता, तो बहुत ज्यादा फायदा होता।

ब्लैक मनी यानी अनएकाउंटिड मनी के रोल के बारे में कहा गया है कि "ब्लक मनी जेनीरेट्स मोर ब्लैक मनीग्राईर"—ब्लैक मनी से और ज्यादा ब्लैक मनी बनता है। मेरा सुझाव है कि ब्लैक मनी को समाज की भलाई के लिए इस्तेमाल करने के लिए लोगों को अपनी ब्लैक मनी को डिक्लेयर करने का मौका दिया जाये। उस पर 40 या 50 परसेंट टैक्स लगाया जाये और बाकी रकम को उन लोगो के हाथ में न छोड कर उन के लोन बांड दिये जाये। वह रकम समाज के भलाई के कामो, जैसे गरीबो के के लिए मकान छोटे जराये आबपाशी, देहात की सड़कों पर रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन वग़ैरह पर खर्च की जाये। मेरी दरख्वास्त है कि इस सुझाव पर हमदर्दाना गौर किया जाना चाहिए (जो टैक्स इवेडर हैं) जो टैक्स की चोरी करते हैं, उन को इबरतनाक सजा देना चाहिए।

रिश्वतसतानी (करप्शन) के बारे में बहुत कुछ कहा जाता है। हमें यह देखना चाहिए कि करप्शन की क्या वजह है और क्यो आदमी को लालच होता है। अगर करप्शन के मवाके बन्द कर दिये जायें, तो करप्शन की गुंजाइश कम हो जायेगी। लाइसेंस, परमिट और फूडग्रेन्ज मुनतकली पर पाबन्दी के बारे में अज-सरे-नौ सोचने की जरूरत है। मैं आन्ध्र का हूं। वहां मुझे बेहतरीन चावल दो रुपये किली में मिलता है, जबकि हमारे पास ही महाराष्ट्र में वह छ: रुपये किलो के हिसाब से मिलता है। ये आर्टिफिशियल बैरियर्स न होने मे रिश्वत-सतानी के मवाके नही रहेंगे।

रिश्वतस्तानी के तीन अहम जुज्व है एक, सियासतदा, दूसरे, सरकारी ओहदे-दारान और तीसरे, व्यापारी, स्मगलर और ब्लैक मार्केटियर वगैरह। जहा तक सियासतदानो का ताल्लुक है, किसी भी इदारे में जाने के लिए उस को इलैक्शन लड़ना पड़ता है। बहुत से ऐसे इदारे होते है, जहा इलैक्ट होने के बाद उसको तनख्वाह नही मिलती है, सिवाये भत्ते के। इलैक्शन के मौजूदा प्रोसीजर के मातहत उस को हजारो लाखो रुपये खर्च करने पड़ते है। वह इस लिए रिश्वत लेता है, क्योंकि वह सोचता है कि उसे इलैक्शन में खर्च करना पड़ता है। यह एक वीशस सर्कल बन गया है।

आप को मालूम होगा कि हर रियासत में साल भर अलग अलग वक्त पर कोई न कोई इलैक्शन होता रहता है—कभी को-आपरेटिव का, कभी पंचायत समिति का और कभी जिला परिषद का। जिस तरह अमरीका में सिर्फ एक दिन, 2 नवम्बर को, हर एक इदारे के लिए इलैक्शन होता है, उसी तरह हमारे यहां भी सब इलैक्शन एक ही दिन होने चाहिए। अगर कोई वैकेन्सी होती है, तो वह तब तक खाली रहे, जब तक कि साल के मुकर्रंरा

दिन को इलैक्शन न हो जाये। ऐसा करने से काम करने के लिए ज्यादा से ज्यादा वक्त मिलेगा। मैं समझता हूं कि अब वह वक्त आ गया है, जब कि इलैक्ट्रल रिफार्म्ज़ किये जायें।

सरकारी ओहदे दारान कोहर किस्म की सहूलियत, तन्ख्वाह और भत्ते वग़ैरह मिलते हैं, लेकिन उस के बावजूद वे ग़लतकार। करते हैं। क्या सरकार से, या किसी और से, यह बात छिपी हुई है कि कौन आदमी करप्ट हैं? आप बाज़ार में खड़े रहिये, आप को दो मिनट में पता चल जायेगा कि उस जगह कौन कौन करप्ट आफिसर्ज़ हैं। कोरप्ट आफिसर्म के बारे में बहुत सख्त से सख्त रवैया अख्त्यार किया जाना चाहिये। मैं आज पुरज़ोर अलफ़ाज़ में कहूंगा कि कांस्टीट्यूशन का आर्टिकल 311 समाज का सब से बडा दुश्मन है। जब हम ने प्रिवी पर्सिज़ को खत्म कर दिया है, तो फिर क्यों न आर्टिकल 311 को भी दस्तूर से निकाल कर फेंक दिया जाये? आज सरकारी मलाज़म रिटायर होने तक अपने ओहदे को अपनी जागीर समझता है, क्योंकि उस को आर्टिकल 311 का तहफुज़ हासिल है। अब वक्त आ गया है कि आर्टिकल 311 को दस्तूर से निकाल दिया जाये। "हायर एण्ड फ़ायर" के अमरीकन सिस्टम को अपनाना चाहिए। हर एक शख्स को यह डर होना चाहिए कि अगर मैं काम नही करूंगा, तो मेरी नौकरी चली जायेगी। जब तक उस को यह डर नहीं होगा, तब तक वह काम नहीं करेगा।

सरकारी खर्चों में कमी भी बहुत जरूरी है। सरकारी मुलाज़मान का खर्चा कम किया जाना चाहिए। इस के अलावा पीने के पानी, अनटचेबिलिटी यानी छुआछूत को खत्म करने और फ्री एण्ड कम्पलसरी एजूकेशन और अनएम्पलायमेंट रोजगार की फराहमी की तरफ़ ज्यादा तवज्जह देनी चाहिए।

जहां तक इस प्रोग्राम के अमल आवरी का ताल्लुक है, मौजूदा सरकारी अफसरान से इस की मुकम्मल इम्प्लीमेंटेशन की तवक्को नहीं की जा सकती है। नाकस अमल आवरी से हमारा हर एक अच्छा प्रोग्राम नाकाम होता है इस तरह यह प्रोग्राम भी नाकाम होगा, जिस से हमें परेशानी और मायूसी होगी। इसलिए इम्प्लीमेंटेशन के लिए मेरा एक सुझाव है कि "नेशनल कमेटी फार रूरल प्रोग्राम" एक कायम की जय जिस में 50 परसेंट से ज्यादा लोग नान-आफिशियल्स हों और इस कमेटी का जिम्मेंदार ठहराना चाहिए कि इस की अमलावरी किस तरह से हो रही है।

अब मैं एक शर के साथ अपना भाषण खत्म करूंगा।

"अमल का वक्त है वक्फा नहीं है बातों का।

लहू निचोड़ कर रख दो सयाह रातों का।

[شری پی گنگا ریڈی (عادل آباد) :
جناب صدر - گزشتہ چند سالوں سے ملک میں جو بدامنی، افراتفری اور انتشار پھیلا ہوا تھا اس سے ملک کی سالمیت کو خطرہ لاحق ہو گیا تھا - جیسا کہ ایک شاعر نے کہا ہے -

نہ سمجھوگے تو مٹ جاؤ گے اے ہندوستاں والو

تمہاری داستاں تک بھی نہ ہوگی داستانوں میں

[شری بی گنگا ریڈی]

ہماری محبوب قائد نے ہنگامی حالت — ایمرجنسی نافذ کر کے ملک کو اس خطرے سے بچا لیا ہے — حالانکہ یہ ایک انتہائی تکلیف دہ — لیکن ضروری اقدام تھا — ہمارے بعض ساتھی ان اقدام کی مخالفت کرتے ہیں - اور ہم پر نقطہ چینی کرتے ہیں - میں ان کے بارے میں یہ کہونگا -

لو وہ بھی آج ہم پہ اٹھاتے ہیں انگلیاں
چلنے کا ہم نے جن کو سلیقہ سکھا دیا

پرائم منسٹر کے اعلان کردہ بیس نکاتی پروگرام سے یہ تو توقع بندھ گئی ہے کہ ملک میں معاشی مساوات کے حاصل کرنے کے لئے نئے دور کا آغاز ہو جائے گا - یہ پروگرام روز ویلٹ کے نیوڈیل اور روس کے نیو اکانامک پروگرام کے مطابق ہے - اور اس پر عمل آوری ہو تو یقیناً ہمارا مستقبل بہت درخشاں اور روشن ہوگا -

چند سالوں سے ملک میں مہنگائی بہت تیز رفتار سے بڑھ رہی تھی - لیکن یہ صرف اپنے ہی ملک تک محدود نہیں تھی بلکہ یہ ایک بین الاقوامی فنامینا تھا - مگر ایمرجینسی کے نافذ کے بعد مہنگائی کی روک تھام ہی نہیں ہوئی ہے بلکہ قیمتوں میں کافی حد تک کمی ہوئی ہے - اور امید ہے کہ بہت جلدی قیمتیں معمول پر آ جائیں گی - قیمتوں کو معمول پر لانے کے لئے اس بات کی شدید ضرورت ہے کہ چیزوں کی پیداوار زیادہ سے زیادہ ہو - ورنہ پھر مہنگائی بڑھ جائیگی -

آبپاشی کے پروگرام کے لئے تحت پچاس لاکھ ہیکٹر زمین آئندہ چند سالوں میں زیر آبپاشی لانے کا جو پروگرام ہے ؟ جس کے لئے ۶۳ کروڑ روپے اس سال کے موازنہ میں زیادہ مہیا کئے گئے ہیں - یہ ایک بہت اچھا پروگرام ہے - چھوٹی آبپاشی کی سکیموں کو فوراً عمل میں لانا چاہئے - زمین دوز پانی کے ذریعے کا پورا استعمال کیا جانا چاہئے اور دریائی پانی کے تنازعوں کا فوری تصفیہ کیا جانا چاہئے - ایک آنریبل ممبر ابھی گنگا کاویری لنک کی باتیں کر رہے تھے - ہم ایک ندی کے پانی کے نزاع کی یکسوئی میں مشکل محسوس کر رہے ہیں - پوچمپاڈ اور ناگ ارجن ساگر پروجیکٹس کی فوری تکمیل کی ضرورت ہے -

بجلی کے بغیر زرعی اور اقتصادی ترقی نا ممکن ہے - جہاں تک سپر تھرمل پلانٹ کا سوال ہے چونکہ آندھرا پردیش میں کوئلے کے بہت زیادہ ذخیرے ہیں اس لئے وہاں کے لئے کم از کم ایک سپر تھرمل پلانٹ منظور کیا جائے - آپ جانتے ہیں کہ ہمارے ملک میں بجلی کے ٹرانسمیشن لائنز اور بجلی کی چوری کافی بڑے پیمانے پر ہوتی ہے - اگر اس کی روک تھام کی جائے تو ۲۰ فیصدی زیادہ بجلی فراہم ہو سکتی ہے -

زرعی پیداوار کے بارے میں زیادہ نہ کہہ کر صرف یہی کہونگا کہ جو بھی پیداوار ہوتی ہے اس کی ریمیونریٹو پرائس واجبی قیمت طے کرنا بہت ضروری ہے -

میں یہ بھی عرض کرونگا کہ ٹیکس کی چوری پر جس کو ٹیکس اویژن کہتے ہیں - بہت ہی سختی سے پابندی لگائی جائے - ۲۰ پوائنٹ پروگرام میں انکم ٹیکس کے سلسلے میں چھ ہزار روپئے سے بڑھا کر آٹھ ہزار روپے تک چھوٹ دے دی گئی ہے - اس چھوٹ کو بڑھا کر دس ہزار روپے تک کر دینا چاہئے تھا - آٹھ ہزار روپئے اور دس ہزار روپے کے درمیان کی آمدنی والے لوگوں کے اسیسمنٹ پر جو وقت صرف کر دیا گیا ہے - اگر وہ ہی وقت بڑے کیسز اور ٹیکس اویژن کا پتہ لگانے پر صرف کیا جاتا تو بہت زیادہ فائدہ ہوتا -

